20-अमृता हाट मेला आज से

बीकानेर,। जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संभाग स्तरीय अमृता हाट मेला 4 से 10 नवम्बर तक जयनारायण व्यास कॉलोनी स्थित ग्रामीण हाट में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन सोमवार को महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार द्वारा किया जाएगा। महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक डॉ. अनुराधा सक्सेना ने बताया कि अमृता हाट में ट्राईफाइड, लकड़ी का सामान, कोटा डोरिया की साड़ियाँ, मनिहारी का सामान, जूतियां, हस्त शिल्प खिलौने, आयुर्वेद उत्पाद, गलीचे, अचार कशीदाकारी, पेंटिग, मिट्टी के बर्तन, उस्ता कलाकृति, मेहंदी आर्ट, राजस्थानी खाना-पीना, गुजराती पैक्ड फूड समेत अन्य उत्पादों की स्टॉल्स लगाई जाएगी। प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन होगा। इनमें।लंगा गायकी, कालबेलिया राधा कृष्णा, मयूरी आदि नृत्य, कबीर वाणी तथा खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। मेले में राज्य के लगभग सभी जिलों से 100-110 स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं व आर्टीजन सम्मिलित होंगे। मेला प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक आमजन के लिए खुला रहेगा। एक हजार रुपये की खरीद पर लक्की ड्रॉ कूपन के माध्यम से पुरस्कार दिए जाएंगे।

नहर किनारे सजाए घाट, छठ पूजा की तैयारियां जोरों पर

श्रीगंगानगर, दिवाली के बाद छठ पूजा की तैयारियां शुरू हो गई। बाजार में गन्ना, केला, टोकरी, धूप, अगरबत्ती, चावल का आटा आदि की खरीदारी शुरू हो गई। छठ पूजा की शुरुआत मंगलवार से होगी। बुधवार को खराना होगा और गुरुवार को छिपते सूरज को अर्घ्य दिया जाएगा।

पर्व की शुरुआत में दो दिन शेष रहते पूर्वांचल मूल के शहर के लोगों ने

■ **डेढ सौ से दो सौ परिवार करेंगे तीन पुली पर छठ पूजा**

तीन पुली स्थित नहर पर पूजा के लिए स्थान निर्धारित कर लिए। यहां घाट तैयार कर रहे युवकों ने बताया कि नहर के दोनों तरफ डेढ सौ से दो सौ परिवार पूजा करेंगे। ऐसे में अपने-अपने परिवार के लिए घाट तैयार किए जा रहे हैं। सड़क से थोड़ी सी ऊंचाई पर मिट्टी से चौकी बनाई जा रही है। इस पर गुलाल या फूल आदि डालकर इसे अलग पहचान दी जा रही है। गुरुवार को इसी घाट पर छिपते सूरज को अर्घ्य दिया जाएगा।

श्रीगंगानगर में छठ पुजा की तैयारियां के चलते नहर किनारे श्रद्धालुओं ने सजायें घाट।

मिथिलांचल समाज के राजलाल ने बताया कि मंगलवार को नहाय खाय के साथ शुरुआत होगी। इस दिन सब लोग स्नान आदि करके शुद्ध हो जाएंगे। बुधवार को खरना होगा। इस दिन घरों में गुड़ के चावल, चावल के आटे की रोटी बनेगी। इनका भोग छठ मइया को लगाने के बाद शाम से व्रत शुरू होगा। इस दौरान व्रतधारी अन्न जल ग्रहण नहीं करेंगे। गुरुवार शाम को छिपते सूरज को अर्घ्य दिया जाएगा वहीं शुक्रवार सुबह उगते सूरज को अर्घ्य देकर व्रत का पारणा किया जाएगा। गुरुवार शाम को तीन पुली नहर के किनारे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।।

मानस अभियान संगरिया सीएचसी में आज

हनुमानगढ़। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. नवनीत शर्मा ने रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) संगरिया में मानस अभियान में आयोजित कैम्प से पूर्व की गई तैयारियों के संबंध में बैठक ली। बैठक में संगरिया उपखण्ड अधिकारी (एसडीएम) जय कौशिक, बीसीएमओ डॉ. रवि खीचड़, सीएचसी इंचार्ज डॉ. अरविंद शर्मा, पीएचसी चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्यकर्मी, एएनएम एवं आशाएं उपस्थित रहीं। बैठक में एसडीएम जय कौशिक ने सोमवार 4 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से आयोजित होने वाले मानस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को आवश्यक निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि मेडिकेटिड नशा व्यसन करने वालों की वार्डवाइज एवं पंचायत स्तर से पहचान कर मानस कैम्प में रजिस्ट्रेशन करवाएं। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने मानस अभियान के तहत आयोजित कैम्प में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति से भविष्य में भी सम्पर्क में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिला नोडल अधिकारी डॉ. ओपी सोलंकी एवं उनकी टीम कैम्प में आने वाले प्रत्येक रोगी से काउंसलिंग कर उनका उपचार करेगी।

सार-समाचार

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा जागरूकता कैंप 4 व 5 को

बीकानेर,। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो की जोधपुर शाखा द्वारा 4 और 5 नवम्बर को जागरूकता कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप का आयोजन सागर रोड स्थित केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, कार्यालय में किया जाएगा। कैम्प में केन्द्र सरकार के कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रमों बैकों, बीमा कम्पनियों आदि में व्याप्त भ्रष्टाचार जैसे रिश्वत की मांग, आय से अधिक सम्पत्ति, पद के दुरुपयोग से सम्बधित शिकायत उपरोक्त सीबीआई टीम के समक्ष व्यक्तिगत उपस्थित होकर लिखित अथवा मौखिक रुप में दी जा सकती है।

कचहरी परिसर में शेड और चौकी के लिए दस लाख स्वीकृत

बीकानेर, 3 नवम्बर। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने पुराने कचहरी परिसर में बीएसएनल ऑफिस के सामने की ओर अधिवक्ताओं के बैठने और लिटिगेट्स के लिए नवनिर्मित शेड के नीचे पक्की चौकी बनाने तथा इसके पीछे की ओर शेड और पक्की चौकी बनाने के लिए विधायक निधि से 10 लाख रुपए की अभिशंसा की है। उन्हीं कहा कि यह चौकी और शेड बनाने से अधिवक्ताओं और उनके पास आने वाले लोगों को सहूलियत होगी।

विधायक ने अपनी तनख्वाह से दिए पचास हजार

बीकानेर,। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने रविवार को संवेदनशील पहल करते हुए गंगाशहर क्षेत्र में रहने वाले हरिकिशन माली को पचास हजार रुपए का चेक सौंपा। मानसून के दौरान आई भारी बारिश के कारण हरिकिशन का गंगाशहर के वार्ड चार स्थित मकान गिर गया था। तब विधायक ने देर रात तक वहां रहकर पानी की निकासी करवाई थी। इस दौरान विधायक ने हरि किशन को अपनी तनख्वाह में से पचास हजार रुपए देने का वादा किया था। जिसे निभाते हुए उन्होंने यह चेक सौंपा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार को मकान गिरने से संबंधित रिपोर्ट भिजवाई गई है। सरकार से भी आपदा प्रबंधन के नॉर्म्स के अनुसार राशि स्वीकृत करवाई जाएगी। जयपुर के आगामी दौरे के दौरान इस बारे में चर्चा करने की बात कही।

संगीतमय दीपावली मिलन समारोह 6 को

बीकानेर । सुर गंगा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा आगामी 6 नवंबर को महाराजा नरेंद्र सिंह ऑडिटोरियम में शाम 5:00 बजे मोहम्मद रफी शताब्दी वर्ष के अवसर पर संगीतमय दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा संस्था के अध्यक्ष एम रफीक कादरी ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सखा संगम के अध्यक्ष एन डी रंगा होंगे विशिष्ट अतिथि सैयद अख्तर अली एम आर मुगल होंगे कार्यक्रम में ग्रुप के कलाकार फिल्मी गीतों की प्रस्तुतियां देंगे संचालन एम रफीक कादरी करेंगे

शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग

दियातरा,। गोविंदसर गांव में अशोक कुमार कुमावत के घर में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। आग के कारण पूरा घर जलकर राख हो गया। पीडित अशोक ने बताया कि घर में रखे 46500 रुपए नकद, 20 क्विंटल अनाज के साथ ही सारा सामान जल गया। दो साल पहले दुर्घटना में दिव्यांग होने पर उसका परिवार केवल खेती पर ही निर्भर है। वह कोई काम नहीं कर रहा है। इस दुर्घटना में उसका सबकुछ जलकर राख हो गया। उसने प्रशासन से आर्थिक सहायता देने की मांग की है। वहीं दियातरा के मुख्य बाजार में पटाखे की चिंगारी से सुनील उपाध्याय की दुकान का छप्पर जल गया। ग्रामीणों ने तत्काल आग पर काबू पा लिया, इस कारण ज्यादा नुकसान नहीं हुआ।

हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

श्रीगंगानगर: हिंदुस्तान स्काउट एन्ड गाइड के तत्वाधान में आज अंतर जिला शैक्षिक भ्रमण जिला मुख्यालय से रवाना हुआ. इस दल को विधायक जयदीप बिहानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. जिला ऑर्गेनाइजर एवं दल प्रभारी संदीप मांझू ने बताया कि अंतर जिला शैक्षिक भ्रमण में प्रतिभावान, स्काउट और खेलकूद के कुल 24 छात्र अन्य जिलों के भ्रमण के लिए रवाना हुए हैं. यह छात्र अन्य जिलों की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों से परिचित होंगे और सामुदायिक जीवन से ओत प्रोत होंगे. उन्होंने बताया कि यह भ्रमण दल हनुमानगढ़, बीकानेर, देशनोक, कोलायत, मुकाम, नागौर होते हुए वापिस खाजूवाला, घड़साना मार्ग से श्रीगंगानगर पहुंचेगा. विधायक बिहानी ने इस दल के लिए चयनित हुए छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि प्रतिभाशाली छात्रों के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाए शुरू की गयी है. उन्होंने कहा कि स्काउटिंग के माध्यम से छात्र अपना शारीरिक और मानसिक विकास करता है. इसके साथ साथ अपनी संस्कृति से भी परिचित होता है. इस मौके पर सहायक प्रभारी सुनील, सहायक प्रभारी मीनू रानी, ममता, सूरज गोस्वामी व जिला ट्रेनर राजकुमार, जशनदीप आदि उपस्थित रहे।

जारी रहेगा 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान

श्रीगंगानगर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत शनिवार को भी खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। विभाग ने चेतावनी जारी की है कि त्योहारी सीजन के बाद भी अभियान चलाया जाएगा और लगातार कार्रवाई की जाएगी। आमजन विभागीय व्हाट्स एप नंबर या टोल फ्री नंबर पर सूचना दे सकते हैं। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि विभागीय टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत आने वाले दिनों में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। शनिवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी कंवरपाल सिंह ने अम्बे मिष्ठान भंडार सादुलशहर से कलाकंद व रसगुल्ला, बलाना स्वीट हाउस गजसिंहपुर से सेंडपीस मिठाई व इमली सॉस, अमन स्वीट हाउस गजसिंहपुर से मावा व नारियल बर्फी मिठाई और जय श्री राम कृष्णा स्टोर महियांवाली से रसभरी व गुलाब जामुन मिठाई का सैंपल लिया। सीएमएचओ डॉ. सिंगला ने बताया कि मिलवाटी खाद्य तेल, मिलावटी घी, मिलावटी दूध एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ (मावा, पनीर इत्यादि) मिलावटी मसाले, अन्य मिलावटी खाद्य सामग्री (पेय पदार्थ, आटा, बेसन, इत्यादि) तथा खुले में खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोकथाम लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है।

मांड कोकिला पद्मश्री अल्लाह जिलाई बाई का पुण्यतिथि पर किया स्मरण

बीकानेर,। मांड कोकिला पद्मश्री अल्लाह जिलाई बाई की 32 वी पुण्यतिथि पर भावपूर्ण स्मरण किया गया। जाईमां की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम का सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों पर प्रसारित किया गया जिसमें देश विदेश के मांड प्रेमी जुड़े । अल्लाह जिलाई बाई मांड गायकी प्रशिक्षण संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ अज़ीज़ अहमद सुलेमानी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । उन्होंने कहा कि अल्लाह जिलाई बाई ने अपना सम्पूर्ण जीवन लोकसंगीत को समर्पित कर दिया और मांड गायिकी को अपनी साधना से शुद्ध सात्विक रागों में स्थान दिलाया । उन्होंने कहा कि पद्मश्री अल्लाह जिलाई बाई ने बीकानेर राजमहलों से अलबर्ट हॉल लंदन तक अपनी गायकी का लोहा मनवाया । वरिष्ठ लेखक अशफ़ाक कादरी ने स्व जिलाई बाई के व्यक्तित्व कृतित्व पर पत्रवाचन करते हुए मांड समारोह के 31 वर्षों की

■ **देश विदेश में ऑनलाइन कार्यक्रम प्रसारण**

उपलब्धियों पर प्रकाश डाला । अंतराष्ट्रीय लोकगायक समदर खान ने अपने संदेश में कहा कि संसार में हमेशा मांड गायकी में पद्मश्री अल्लाह जिलाई बाई का नाम अव्वल रहेगा । अल्लाह जिलाई बाई को खिराजे अक़ीदत पेश करते हुए डॉ एम एम बागड़ी ने कहा कि पद्मश्री अल्लाह जिलाई बाई ओर मांड समारोह एक दूसरे के पूरक है । अजमेर से डॉ नासिर मोहम्मद मदनी, जयपुर से शबनम अजीज, बीकानेर से रजिया अजीज, डॉ एजाज अहमद, डॉ नीतू सिंह, माही अयाज ने भी अपने विचार रखे। इससे पूर्व बड़े कब्रिस्तान में पद्मश्री अल्लाह जिलाई बाई के मजार पर कुरआनखानी का आयोजन किया गया।

दो दुर्घटनाओं में 1 जने की मौत, दो घायल

लूणकरणसर,। क्षेत्र में दो सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए और एक की मौत हो गई। पहली घटना कालू रोड पर हुई। पिकअप व बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार देवीलाल शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पिकअप चालक ने लूणकरणसर अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बीकानेर रेफर कर दिया।

वहीं रात दस बजे लूणकरणसर से खिंयेरा जाते समय खिंयेरा रोड पर गोशाला के पास हुई। एक स्कूटी पर जा रहे दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल खिंयेरा निवासी 50 साल के सहीराम कुलडिया को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे व्यक्ति 40 साल के राजूराम मेघवाल को प्राथमिक उपचार के बाद बीकानेर रेफर कर दिया। उसका वां पर इलाज चल रहा है।

राज्य में कार्यरत कार्मिकों के साथ दोहरा व्यवहार बर्दाश्त नहीं : सलावद

बीकानेर, राज्य में इस बार सबसे बढिया दिपावली राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के कार्मिकों ने मनाई है । बोर्ड के प्रत्येक कार्मिकों को 35 हजार रुपए बोनस के रूप में मिला है। यह राशि दीपावली से पहले बुधवार को बोर्ड के प्रत्येक कार्मिकों के खाते में पहुंच जमा हो गई है। बोर्ड इतिहास में अब तक की राशियों में यह सबसे बड़ी बोनस राशि है। बोर्ड प्रबंधन ने नियमित कार्मिकों के साथ ही डेपुटेशन पर लगे अफसरों को भी बोनस का फायदा दिया है। चतुर्थ श्रेणी से लेकर आला अफसर तक सबको समान 35 हजार रुपए बोनस दिया गया है।पिछले वर्ष भी 32 हजार रुपए का बोनस दिया गया था।

शिक्षक संघ एलिमेंट्री सेकेण्डरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने बोर्ड प्रशासन पर मनमानी करके अपने कर्मचारियों को अनुचित लाभ देकर वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया है। प्रदेशाध्यक्ष सलावद ने इसे मैनेज्ड करप्शन बताया व आरोप लगाया कि हिस्सा किसका, लाभार्थी कौन,बोर्ड का शुल्क विद्यार्थी से। बोर्ड के फॉर्म भरेंगे स्कूल के शिक्षक। बहुत कम रेट पर परीक्षा में वीक्षक की ड्यूटी देंगे शिक्षक। बहुत कम रेट पर कॉपी चेक करेंगे शिक्षक और बेनिफिट के पैसे को बोनस के रूप में बोर्ड के अफसर और बाबू लोग मिलकर बांट लेंगे। सबसे ज्यादा आय देने वाले विभाग के कर्मचारियों को भी राज्य सरकार 6-7 हजार रुपए का बोनस देती है। और इधर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने अपने अफसरों व बाबुओं को 35 हजार रुपए का बोनस दे दिया है। जबकि किसी भी विभाग में अफसरों को बोनस नहीं मिलता। यह अन्य कर्मचारियों पर कुठाराघात है। शिक्षक संघ रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर दीपावली से पहले ही सभी को बोनस राशि बढ़ा कर 20 हजार रुपए देने की मांग की थी। लेकिन राज्य सरकार ने शिक्षको को 6774 पुराना बोनस दिया जिसमें 25 प्रतिशत राशि कार्मिकों के जीपीएफ खाते में जमा करवाया उसके बाद नगद 5080 रुपए दिए गए जो वर्तमान में महंगाई के दौर में ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। शिक्षक संघ रेसटा ने राज्य सरकार से मांग की है कि सरकार को सभी विभागों के कार्मिकों को भी 35 हजार रूपये बोनस देना चाहिए या फिर बोर्ड के सभी कार्मिकों से बड़ी हुई राशि रिफंड करना चाहिए। यह मैनेज्ड करप्शन है। सरकार संज्ञान लें,सभी के साथ वित्तीय समानता करें। संगठन व राजस्थान का शिक्षक व कर्मचारी वर्ग दोहरी नीतियां बर्दाश्त नहीं करेगा।

आचार्य तुलसी का जन्म दिवस अणुव्रत दिवस के रूप में आयोजित

गंगाशहर। श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, गंगाशहर द्वारा युगप्रधान आचार्य तुलसी का 111वां जन्म दिवस 'अणुव्रत दिवस' के रूप में सेवाकेंद्र व्यवस्थापिका साध्वी चरितार्थ प्रभा व साध्वी श्री प्रांजल प्रभा के सान्निध्य में शांति निकेतन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साध्वी चरितार्थ प्रभा ने कहा कि आचार्य श्री तुलसी ने मानवता के लिए अनेक अवदान दिए। उसमें से एक अवदान है- अणुव्रत। उन्होंने अणुव्रत आंदोलन की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अणुव्रत के माध्यम से आचार्य श्री तुलसी ने नैतिक व चारित्रिक क्रांति को विश्व भर में गुंजायमान किया। अणुव्रत की गूंज यूएनओ में भी हुई। यूएनओ में अणुव्रत विश्व भारती द्वारा अणुव्रत संबंधी कार्य किए जाते हैं। जब

■ **पदयात्रा सोमवार शाम करणपुर पहुंचेगी**

समाज को नैतिकता व चारित्रिक उत्थान की आवश्यकता थी, उसी समय आचार्य श्री तुलसी ने अणुव्रत आंदोलन का सूत्रपात किया। हम अणुव्रत को सुनें, पढें और जीवन में उतारे। आचार्य श्री तुलसी ने आध्यात्मिक वैज्ञानिकता की बात कही, जिसके माध्यम से संपूर्ण मानव का कल्याण हो सकता है। इस अवसर पर साध्वी प्रांजल प्रभा ने अपने उद्बोधन में कहा की आचार्य श्री तुलसी भारतीय संत परंपरा के एक उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने 11 वर्ष की अल्प आयु में संयम रत्न धारण किया। साहित्य में कहा गया है कि गंगा पाप को, शशि ताप को तथा कल्प वृक्ष दीनता का हरण करता है लेकिन संत पुरुष पाप, ताप व संताप तीनों को ही दूर करने वाला होता है।आचार्य श्री तुलसी ने नैतिक व चारित्रिक मूल्य का उत्थान कैसे हो इस पर भागीरथी कार्य किया। अहिंसा, सत्य, अचौर्य ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह की साधना में कृत संकल्प रहे। सद्गुणों को बांटकर लोगों की बुराइयों का हरण किया। उन्होंने अनेक स्थान पर कहा कि हमें नोट नहीं चाहिए, वोट नहीं चाहिए, केवल आपकी खोट चाहिए। इस प्रकार लोगों को सही दिशा देने के लिए उन्होंने संपूर्ण जीवन में अनवरत प्रयास किये। साध्वी कृतार्थ प्रभा एवं साध्वी तितिक्षा ने गीत के माध्यम से अपने भाव व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारंभ भंवर लाल डाकलिया द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण से किया गया।

महिला के गले से झपटी सोने की चैन

बीकानेर। शहर के नयाशहर थाना इलाके में एक महिला के गले से मोटरसाइकिल सवार चैन चुरा कर ले गये। जिसका मामला थाना में उनके पति आशीष बिस्सा ने दर्ज करवाते हुए बताया है कि उनकी पत्नी मीनाक्षी अपने पीहर से स्कूटी पर सवार होकर मनावतों की गली ससुराल आ रही थी कि पुष्करणा स्कूल के पास एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने मीनाक्षी के गले से सोने की चैन झपट ली और फरार हो गये। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक राकेश गोदारा को सौंपी है। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। ज्ञात रहे कि पिछले दो दिनों में शहरी क्षेत्र में चैन स्नैचिंग की यह दूसरी घटना है। एक नवम्बर रात को भी नत्थूसर गेट के बाहर मोटरसाइकिल सवार युवकों ने एक महिला के गले से चैन खींच ली और रफुचक्कर हो गये थे।

पराली जलाने व प्रदूषण से बढ़ रहा तापमान

श्रीगंगानगर। नवंबर माह के दो दिन निकल चुके हैं। लेकिन अभी तक क्षेत्र में सर्दी ने दस्तक नहीं दी है। पश्चिमी व पूर्वी राजस्थान में नवंबर माह शुष्क रहने की संभावना है। यानी नवंबर माह में बारिश की संभावना नहीं है। बड़ी बात यह है कि वर्ष 2023 में नवंबर माह के पहले सप्ताह में अधिकतम तापमान 31-32 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। न्यूनतम तापमान भी 19 डिग्री के आसपास बना रहा। जबकि वर्ष 2024 के नवंबर माह के दो दिन यानी एक व दो नवंबर को अधिकतम तापमान 35 से 37 डिग्री व न्यूनतम 18 से 22 डिग्री के बीच बना हुआ है। यानी गत वर्ष की तुलना में इस साल नवंबर माह की शुरुआत में तापमान करीब 5 डिग्री अधिक है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के वैज्ञानिकों के अनुसार हर साल 1.5 डिग्री तक तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। इसकी प्रमुख वजह ग्लोबल वार्मिंग, पराली जलाने, प्रदूषण आदि को बताया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में शनिवार को सर्वाधिक अधिकतम तापमान जैसलमेर 38.2 रहा है। जबकि न्यूनतम तापमान में सीकर 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। वहीं, बाड़मेर में 38.0, जालौर 37.2, धौलपुर 36.9, जोधपुर 36.7, श्रीगंगानगर 36.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार एक सप्ताह बाद मौसम में बदलाव आने की संभावना रहेगी। 29 अक्टूबर को श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस रह चुका है। गत वर्ष नवंबर माह की शुरुआत व इस साल नवंबर माह की शुरुआत में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री का ही अंतर है।

शहर की हवा का गुणवत्ता लेवल खतरनाक स्तर पर पहुंचा

बीकानेर, दीपावली जश्न के बाद बीकानेर शहर की हवा का गुणवत्ता लेवल खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। ऐसे में खासकर सांस के मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। बता दें बीकानेर में असमंजस के कारण यहां के लोगों ने दीपावली त्योहार दो दिन 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को मनाई। दो दिन पटाखों की आतिशबाजी के कारण हवा में इस कदर प्रदूषण फैला कि एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) दिल्ली के आंकड़ों की बराबरी करने लगा। गुरुवार की शाम 6 बजे यानी 31 अक्टूबर को एक्यूआई लेवल 291 था, जो रात ग्यारह बजे तक बढ़कर 306 हो गया। इसके बाद रात एक बजे के बाद एक्यूआई के आंकड़े दौड़ लगाते दिखे। रात 3 बजे एक्यूआई लेवल 335, शुक्रवार अलसुबह 4 बजे 341 और सुबह 7 बजे सर्वाधिक 347 अंकों का लेवल रिकॉर्ड किया गया। इसके बाद सुबह 8 बजे के बाद यह स्तर कुछ कम हुआ जो शाम 7 बजे तक यह घटकर 295 हो गया। इसके बाद शुक्रवार को एक बार फिर एक्यूआई के आंकड़े बढ़ते दिखाई दिए। रात 9 से 12 बजे तक यह आंकड़ा 300 से 315 तक पहुंच गया। हालात की गंभीरता का अनुमान इससे भी लगाया जा सकता है कि शनिवार 2 नवंबर को शाम 4 बजे भी एक्यूआई 245 पर था।

सारस्वत समाज ने हनुमानगढ़ विधायक गणेश राज बंसल को किया सम्मानित

पीलीबंगा। सारस्वत कुंडिया समाज सेवा ट्रस्ट कोहल हनुमानगढ़ में दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नत्थू राम मोट एवं महावीर प्रसाद सारस्वा द्वारा मंत्र उच्चारण कर, अतिथियों द्वारा मां सरस्वती व सरस जी महाराज के समक्ष द्विप प्रचलित कर किया गया। कार्यक्रम में हनुमानगढ़ विधायक गणेश राज बंसल व हनुमानगढ़ जिला विप्र फाउंडेशन अध्यक्ष प्रेम सारस्वत को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सारस्वत कुंडिया समाज सेवा ट्रस्ट कोहला अध्यक्ष डॉ बृजलाल शर्मा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हनुमानगढ़ विधायक गणेशराज बंसल थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला सारस्वत समाज अध्यक्ष जयनारायण सारस्वा, पूर्व जिला सारस्वत समाज अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण तावणियाँ थे। हनुमानगढ़ जिले के सारस्वत समाज के बंधुओ ने क्षेत्रीय विधायक गणेश राज बंसल को माल्यार्पण कर, साफा पहन कर, शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार विप्र फाउंडेशन जिला अध्यक्ष को भी समाज



सारस्वत समाज ने हनुमानगढ़ विधायक गणेश राज बंसल का किया सम्मान।

के लोगों ने सम्मानित किया।

सेवा ट्रस्ट सचिव बलराम कायल ने बताया की इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक गणेश राज बंसल ने सारस्वत कुंडिया समाज सेवा ट्रस्ट कोहला को मुख्य सड़क से सारस्वत धर्मशाला तक सड़क निर्माण की घोषणा करते हुए सारस्वत समाज के लोगों का इस सम्मान पर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ बृजलाल कायल,पूर्व सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता भवानी शंकर सारस्वत आदि ने विचार रखें। संस्था के पूर्व अध्यक्ष शिवनारायण सारस्वत एवं कोषाध्यक्ष गोविंद राम गुरावा बताया कि कार्यक्रम कार्यक्रम में सारस्वत समाज के सुरेंद्र सारस्वा, विनोद सारस्वा, रवि कुमार सारस्वा, चंद्र प्रकाश सारस्वा, लच्छी राम तावणियां,दीपक सारस्वत, नंदकिशोर, बजरंग सारस्वा, राकेश, रणधीर सारस्वा, नरेश कायल,विजय कायल, महेश कुमार तावणियां, प्रेम कुमार सारस्वत, बीरबल राम सारस्वत, पृथ्वीराज जस्सू, दीपेंद्र जस्सू, चंद्र प्रकाश सारस्वत, लालचंद सारस्वत,रामप्रताप, तुलसीराम जस्सू, मेहरचंद सारस्वा रावतसर,राजेंद्र, ओम प्रकाश जस्सू,बजरंग ओझाइ्या, नारायण दत्त तावणियाँ, महेंद्र सारस्वा, सुभाष सारस्वा, बृजपाल सारस्वा, गौरी शंकर कायल, रवि प्रकाश कायल, गोपीचंद ओझाइ्या, रामचंद्र सारस्वा, एडवोकेट महेश सारस्वा,जगदीश ठाकरानी, भागीरथ सारस्वा,शिवम सारस्वा, बीरबल राम शर्मा, भंवरलाल गुरावा, रजीराम उपाध्याय, संजय सारस्वत, नाथूराम सारस्वत, कृष्ण लाल शर्मा,चेतराम सारस्वा,श्री भगवान ओझाइ्या, संदीप तावणियाँ, लच्छी राम तावणियां, गणेश तावणियां, प्रेम रतन तावणियां, रामकृष्ण सारस्वा, रामकुमार सारस्वा, रामस्वरूप, कृष्णलाल सारस्वा,भूप सारस्वा, नेत राम सारस्वा,भागीरथ सारस्वा,महावीर प्रसाद सारस्वा,कार्तिक सारस्वत, यज्ञ दत्त शर्मा, गोविंदराम गुरावा, सुखबीर गुरावा, दीपक कायल, मांगी लाल सारस्वा,ताराचंद सारस्वा, गोपी राम सारस्वत, बजरंग ओझा,आदि सारस्वत समाज के अनेक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन भवानी शंकर सारस्वत द्वारा किया गया।

पीहर से आ ससुराल जा रही महिला से दो युवकों ने की लूटपाट

बीकानेर,। शहर का परकोटा अब तक सुरक्षित माना जा रहा था, लेकिन पिछले कुछ महीनों में ये एरिया भी सुरक्षित नहीं रहा है। ताजा मामला देर रात का है, जब एक महिला के गले से उस समय चेन लूट ली गई, जब वो पीहर से वापस ससुराल जा रही थी। घटना पुष्करणा स्कूल के पास की है, जिसके बाद नयाशहर पुलिस ने बदमाशों को ढूंढने के लिए जगह-जगह सीसीटीवी खंगाले हैं। दरअसल, बिस्सों के चौक के पास मनावतों की गली में रहने वाले आशीष बिस्सा ने पुलिस को रिपोर्ट दी है। बिस्सा ने बताया कि उसकी पत्नी मीनाक्षी बिस्सा भाटों के बास से बिस्सा चौक की तरफ अपने ससुराल आ रही थी। रास्ते में पुष्करणा स्कूल के पास बाइक पर सवार दो युवक आए और मीनाक्षी के आगे बाइक लगाकर उसे रोक लिया।

नोटिस वास्ते जाहिर करने की वजह
(Civil procedure Code Appendix H Form No.4)
अदालत पारिवारिक न्यायालय मुकाम सं.2,बीकानेर बइजलास श्रीमान बरकत अली न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय सं.2बीकानेर, श्रीमती रेखा बनाम् विजेन्द्र मुकदमा नम्बर 95/2023cis175/23 बनाम नाम विजेन्द्र वल्द मदनलाल जाति सारस्वत साकिन 104 पांडो का बास वार्ड नं.18 तहसील सुजानगढ़ जिला चुरू क्योंक ने इस अदालत में पेश की है कि लिहाजा आपको इतला दी जाती है कि तारीख 05 माह 11 सन 2024 बरोज10.00Am वार बजे दिन के अदालत हाजा मे असालतन या वकालतन हाजिर होकर दरख्वास्त जाहिर करो वर्ना दरख्वास्त मजकुरा एक तरफा सुनी व फैसला की जायेगी।। मेरे दस्तखत व मोहर के आज दिनांक 26माह 09 सन् 2024 को जारी किया गया।
गोल मोहर
न्यायालय की आज्ञा से
मुंसरिम पारिवारिक
न्यायालय सं.2बीकानेर